चेन्नई में बिहार के लगे स्टॉल को मंत्रियों ने सराहा

पटना. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर चेन्नई में बिहार के लगे स्टॉल की केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे सहित अन्य लोगों ने निरीक्षण कर सराहना की है . इसमें बिहार सहित देश के 20 से अधिक राज्यों ने स्टॉल लगाया . बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की तरफ से जैव विविधता प्रबंधन समिति, मानी, रोहतास ने स्टाल लगाया . इसमें बिहार के सभी क्षेत्र की विविधताएं प्रदर्शित की गई . बिहार के स्टाल का निरीक्षण तामिलनाडू के पर्यावरण मंत्री, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ विनोद बिहारी माथुर, सदस्य सचिव जे जस्टिन मोहन ने किया . स्टॉल निरीक्षण के दौरान प्राधिकार के अधिकारियों ने बिहार हेरिटेज ट्री ऐप की सराहना की और देशभर में लागू कराने की बात कही .